दिनांकः 22.03.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- भारत का **सकल घरेलू उत्पाद यानि जीडीपी** पिछले 10 सालों में दोगुना हुआ–चार लाख तीस हज़ार करोड़ डॉलर पर पहुंचा।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने हरियाणा से देशव्यापी अभियानः **कैच द रेन–2025** का शुभारंभ किया।
- अर्थ आवर डे के मौके पर आज रात साढे आठ बजे से साढे नौ बजे तक दुनियाभर में गैर ज़रूरी लाइट बंद कर ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में विंटेज और क्लासिक कार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया–शहर में कल कार रैली निकलेगी।

**000**

भारत का **सकल घरेलू उत्पाद यानि जीडीपी** पिछले 10 वर्षों में 105 प्रतिशत की बढोतरी के साथ दोगुना हो गया है। साल 2015 में जीडीपी दो लाख दस हजार करोड़ डॉलर थी। वहीं वर्ष 2025 में ये चार लाख तीस हजार करोड़ डॉलर हो गई है। **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ** की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत अब अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया में जीडीपी के मामले में पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है।

000

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने आज हरियाणा के पंचकुला से देशव्यापी जल शक्ति अभियानः **कैच द रेन–2025** का शुभारंभ किया। यह अभियान जल शक्ति मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा हरियाणा सरकार के सहयोग से शुरू किया गया है। इसमें जलवायु परिवर्तन और जल क्षेत्र की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनज़र जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण पर ज़ोर दिया गया है। श्री पाटिल ने अपने संबोधन में कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों लोगों को साफ पीने का पानी मुहैया करवाया जा रहा है।

............

विश्व जल दिवस के मौके पर श्री पाटिल ने जल–जंगल–जनः एक प्राकृतिक बंधन अभियान' की भी शुरूआत की। इसके ज़रिए नदियों, झरनों और जंगलों के बीच पारिस्थितिक संबंधों को मज़बूत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस के मौके पर पानी बचाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की बात कही है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा कि सभी को मिलकर जल प्रदूषण का निवारण और वर्षा जल संचयन के लिए सार्थक कदम उठाने होंगे। विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम हुए। झुंझुनूं, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, नागौर, जालौर और बारां सहित अन्य स्थानों पर जल संरक्षण और जनभागीदारी को लेकर विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम हुए।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि त्यौहारों में भारतीय संस्कृति की जीवंतता झलकती है। आपसी सौहार्द और सद्भाव के लिए इनकी बड़ी भूमिका है। श्री शर्मा आज जयपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम करने की बात कही।

............

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने समारोह में कहा कि होली सभी को जोड़ने का पर्व है। होली स्नेह मिलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित सांसद, विधायक, महापौर और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

000

अर्थ ऑवर डे के मौके पर आज रात साढे आठ बजे से साढे नौ बजे तक दुनियाभर में गैर ज़रूरी लाइट बंद कर ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। इस साल की थीम ''द पॉवर ऑफ नेचर'' प्रकृति की शक्ति और महत्व की याद दिलाती है। भारत सहित कई देशों की ऐतिहासिक इमारतें भी इस पहल में शामिल होंगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने "अर्थ ऑवर डे" में सहभागिता के लिए प्रदेशवासियों से अपील की है। इस मौके पर राजभवन में भी एक घंटे के लिए बिजली बंद रखी जाएगी। गौरतलब है कि बिजली बचाने के मकसद से दुनियाभर में 'अर्थ ऑवर डे' मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को बिजली के महत्व और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है।

राजभवन में आज बिहार, अरुणाचल और मिज़ोरम का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। राज्यपाल ने इन राज्यों के स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है और अलग–अलग राज्य अखंड भारत का गौरव हैं। राजभवन में इस तरह के समारोह में संस्कृतियों का समागम होता है और आपसी सद्भाव बढ़ता है।

000

भारतीय कौशल विकास विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह में आज आयोजित किया गया। जयपुर में हुए इस समारोह में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने तीन सौ विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस मौके पर डॉ. बैरवा ने कहा कि कौशल विकास से रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास के लिए व्यवसायिक पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दे रही है। समारोह में प्रोफेसर विवेक भंडारी ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

000

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने आज टोंक में विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर श्री चौधरी ने टीबी रोगियों की पहचान और उपचार में सहयोग के लिए सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक भागीदारी ज़रूरी है। श्री चौधरी ने लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में पोषण सहायता देने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर जिले की टीबी मुक्त हुई 16 ग्राम पंचायतों और प्रशासकों और कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया।

000

जयपुर में आज से विंटेज और क्लासिक कार प्रदर्शनी की शुरूआत हुई। इसमें सौ से ज्यादा विंटेज और क्लासिक कारों को प्रदर्शित किया गया है। वहीं कल इनकी रैली भी निकाली जाएगी। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इन ऐतिहासिक कारों को शहर की सड़कों पर दौड़ते देखना अनूठा होगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी और रैली कार प्रेमियों के लिए खास अनुभव है। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

000

उदयपुर में इन दिनों राष्ट्रीय दिव्य कला मेला चल रहा है। कल से शुरू हुआ ये मेला दस दिन चलेगा। मेले में देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से आए दिव्यांग उद्यमी और कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में दिव्यांगजन की ओर से विभिन्न प्रांतों के व्यंजनों की स्टॉल्स भी लगाई गई है।

............

000

कोटपूतली में आज 64 बालिकाओं को निःशुल्क स्कूटी वितरित की गई। राजकीय एलबीएस पीजी कॉलेज में समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश में चलाई जा रही देवनारायण और कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत ये स्कूटी दी गईं। स्कूटी पाकर छात्राएं और उनके परिजन उत्साहित हुए।

000

जयपुर में पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त राशि डोगरा ने प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन आग के तहत इस कार्यवाही को

अंजाम दिया गया, जिसमें ये कुख्यात गैंसस्टर्स विरोधी गैंग के सदस्यों की हत्या के लिए हथियार जमा कर रहे थे। बदमाशों से पूछताछ जारी है।
उधर, जालौर जिले के पुनासा में पुलिस ने अवैध तरीके से अर्जित की गई सम्पत्ति को सीज कर दिया। पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने बताया कि ये सम्पत्ति मादक पदार्थों और शराब तस्करी की राशि से बनाई गई थी।

000

प्रदेश में 25 मार्च से तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में पश्चिमी हवा का असर बढ़ने से गर्मी में तेजी आएगी। तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इस बीच, बीते 24 घंटों में बाडमेर में पारा 37 दशमलव 6 मापा गया। चित्तौडगढ, धौलपुर, जैसलमेर, जोधपुर और फलौदी में भी दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ। वहीं बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू में देर शाम हल्की ठंडी हवा चली। राजधानी जयपुर और सीकर तथा दौसा में भी सुबह–शाम मामूली ठंडक रही।

000

आईपीएल यानि इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का 18वां संस्करण अब से कुछ ही देर में साढे सात बजे से शुरू हो रहा है। पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। जिसमें मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम से होगा। टूर्नामेंट में 10 टीमें कुल 74 मैच खेलेंगी। फाइनल मुकाबला 25 मई को होगा।

000